# कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी
## जिला पंचायत दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा(छ.ग.)

बिहान

कार्यालयः 07856.252522, फैक्स : 252575, निवास : 252523 ई–मेल पता :–zp-dantewada.cg@nic.in


कमांक/797/जि.पं./NRLM/2025–26 दंतेवाड़ा, दिनांक 18/03/2026

**// विज्ञापन //**

मिशन संचालक, विकास आयुक्त कार्यालय SRLM प्रकोष्ठ विकास भवन सेक्टर 19, द्वितीय तल, नार्थ ब्लॉक नवा रायपुर, अटल नगर, छ.ग. शासन का पत्र क्रमांक पत्र कमांक 3357/वि–6/NRLM/HR&A/2025, नवा रायपुर अटल नगर, दिनाँक 17/01/2025 एवं File NO. ESTB/1107/2025- Section CGSRLM HR&A/2025, नवा रायपुर, दिनांक 23/02/2026 में निहित के निर्देशानुसार राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन "बिहान" अंतर्गत उनके सम्मुख विवरण अनुसार जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर संविदा नियुक्ति (निश्चित वेतन) पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन केवल **रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट** के माध्यम से **मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा (छ.ग.), पिन कोड 494449 के पते पर निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थियों से दिनाँक – 10 /04/2026 सायं 5:00 बजे तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।** व्यक्तिगत रुप से सीधे अथवा ई–मेल अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से आवेदन स्वीकार नही किये जावेंगें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदना पत्रो पर विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. | पद का नाम | पदों का विवरण वर्गवार | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अनु.जनजाति | अनु.जाति | अन्य पि0वर्ग | अनारक्षित | कुल पद |
| 1 | लेखा सह एमआईएस सहायक | 2 (मुक्त–1, महिला–1) | 0 | 0 | 0 | 2 |
| योगः– | | **2** | **0** | **0** | **0** | **2** |

<u>पद हेतु न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता, अनुभव व मेरिट अंक का विवरण :–</u>

| क. | पदनाम | एकमुश्त मासिक वेतन (रु. में) | शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव | मेरिट हेतु अंक निर्धारण (कुल अंक 100) | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | विवरण | अंक |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | लेखा सह एमआईएस सहायक | 23350/– | **शिक्षा–** 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय में स्नातक उत्तीर्ण।<br>2. मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर में एक वर्षीय डिप्लोमा सर्टिफिकेट।<br>**वांछनीय योग्यता** – टेली सर्टिफिकेट वाले अभ्यर्थी को प्राथमिकता दी जावेगी।<br>**अनुभव** – स्नातक उपरांत लेखा से संबंधित 02 वर्षीय केन्द्र/राज्य भाासन/लोकल बॉडी/गवन्मेंट एडेड संस्था (नीति आयोग के वेबसाईट में सूचीबद्ध संस्था) अंतर्गत क्षेत्र का कार्यानुभव। | स्नातक में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | 35 |
| | | | | बारहवीं में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | 20 |
| | | | | दसवीं में प्राप्त प्रतिशत पर 100 अंक का weightage देते हुए | 20 |
| | | | | न्यूनतम वांछित अनुभव के पश्चात् प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव 02 अंक एवं अधिकतम 10 अंक | 10 |
| | | | | छत्तीसढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत प्रत्येक पूर्ण वर्ष के अनुभव के लिए 01 अंक एवं अधिकतम 05 अंक | 5 |
| | | | | कौशल परीक्षा | 10 |

## नियम एवं शर्ते :–

1. आयु न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी छूट संबंधी आदेश/निर्देश संविदा नियुक्ति के लिए लागू होगें। आयु की गणना 01 जनवरी 2026 के आधार पर की जायेगी।
2. संबंधित पद हेतु छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
3. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र ही मान्य किया जावेगा।
4. रोजगार कार्यालय का जीवित रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा।
5. आवेदक द्वारा आवेदन हेतु समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।
6. आवेदक को छ.ग. राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
7. सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र की स्व–प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना होगा।
8. निःशक्तजन को मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
9. संविदा नियुक्ति अधिकतम एक वर्ष के लिए होगी। तत्पश्चात् आवश्यकता होने पर कार्य योग्यता, कार्यक्षमता एवं व्यवहार के आधार पर शासन के निर्देशानुसार दोनों पक्षों की सहमति से कार्य अवधि एक वर्ष के लिए निरंतर रखे जाने पर विचार किया जा सकता है।
10. यह नियुक्ति सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क. एफ,9–1/2012/1–3/दिनॉंक 31 दिसम्बर 2012 एवं अद्यतन निर्देश के अनुसार संविदा नियुक्ति के संबंध में समस्त शर्ते लागू होंगी।
11. संविदा नियुक्त अवधि में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के तहत अवकाश की पात्रता होगी।
12. संविदा पर नियुक्त व्यक्ति छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 से शासित होगें।
13. संविदा अवधि के दौरान दोनो पक्षों में से किसी एक पक्ष के द्वारा एक माह पूर्व की सूचना या उसके एवज में एक माह का वेतन देकर नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।
14. सेवा समाप्ति पश्चात् संविदा अधिकारी/कर्मचारी के रुप में दी गई सेवा अवधि हेतु किसी प्रकार का पेंशन, उपादान, या मृत्यु लाभ आदि की पात्रता नही होगी।
15. संबंधित पदों पर अनुभव प्रमाण पत्र ( आवेदित पद हेतु निर्धारित योग्यता से संबंधित हो) केवल केन्द्र/राज्य भाासन/लोकल बॉडी/गवन्मेंट एडेड संस्था (नीति आयोग के वेबसाईट में सूचीबद्ध संस्था) अंतर्गत क्षेत्र का कार्यानुभव ही मान्य होंगे।
16. आवेदन करने के समय अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने वाले संस्थान का नाम पूर्ण पता च अनुभव हेतु कार्यालय ओदश क्रमांक, दिनांक एवं जारीकर्ता अधिकारी का नाम एवं पदनाम संपर्क हेतु संबंधित का दूरभाश नंबर तथा ई–मेल की जानकारी अनिवार्य रूप से दिया जावे अन्यथा इसके अभाव में आवेदक द्वारा दिये गये अनुभव को मान्य न करते हुए अपात्र की श्रेणी में रखा जायेगा – जिसके लिए आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा। साथ ही गैर–शासकीय संस्था से जारी अनुभव प्रमाण पत्र हेतु आवेदक निरंतर 03 माह का प्रमाणित पे–स्लीप/बैंक स्टेटमेंट प्रस्तुत करना अनिवार्य है। पद हेतु प्रस्तुत दस्तावेज मान्य/अमान्य किये जाने के संवंध में अंतिम निर्णय समिति के पास होगा।
17. जिले में प्राप्त कुल आवेदन पत्रों का मैरिट आधार पर सूचीबद्ध किया जायेगा और उनको कौशल परीक्षा के लिए बुलाया जायेगा तदोपरांत कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको को जोड़ते हुए अंतिम चयन सूची तैयार किया जायेगा।
18. यदि आवेदन पत्रों की संख्या अधिक होती है तो वरीयता कम के आधार पर कौ ाल परीक्षा के लिए 01 पद के विरूद्व 10 आवेदकों को बुलाया जायेगा।
19. सर्वोच्च अंक अर्जित करने वाले आवेदक को नियुक्ति दिया जावेगा। अन्य आवेदकों को प्रतीक्षा सूची में रखा जावेगा एवं भविष्य में पद रिक्त होता है तो उसे प्रतीक्षा सूची से भरा जावेगा। प्रतीक्षा सूची एक वर्ष के लिए वैद्य होगा।
20. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत आवेदक को अपना आवेदन पत्र उचित माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित, प्रस्तुत करना होगा।
21. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में सेवा अनु ाासनहीनता/अनुचित व्यवहार/स्वेच्छाचारिता या अनियमितता के आधार पर छत्तीसगढ़ आजीविका संवर्धन समिति से अथवा अन्य किसी भी भाासकीय विभाग द्वारा किसी भी पद से पृथक किया गया हो चयन के लिए पात्र नहीं होंगे। गलत जानकारी दिये जाने पर उम्मीदवारी निरस्त मानी जावेगी।
22. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी कोई सूचना नही दी जावेगी।

23. आवेदक, जिसने विवाह के लिये निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
24. उम्मीदवार जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले से ही एक पति/पत्नि जीवित हो, पात्र नहीं होगा। ऐसे मामले में भाासन ही अन्यथा निर्णय ले सकता है अर्थात यदि भाासन को इस बात की समाधान हो जाये कि ऐसा करने का पर्याप्त कारण है तो वह इस प्रतिबंध से छूट दे सकता है।
25. लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम एवं वर्ग का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जावे, अन्यथा आवेदन निरस्त किया जावेगा।
26. पदों की संख्या में परिर्वतन संभावित है।
27. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्ता जिला कलेक्टर दंतेवाड़ा के पास सुरक्षित रहेगा।
28. आवेदन का विस्तृत प्रारुप कार्यालयीन सूचना पटल के अतिरिक्त जिले के वेबसाईट dantewada.nic.in पर देखा जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत दंतेवाड़ा

पृ. कमांक/798/जि.पं./NRLM/2025–26 दंतेवाड़ा, दिनांक 18/3/2026

*प्रतिलिपि :–*

1. मिशन संचालक महोदय, विकास आयुक्त कार्यालय SRLM प्रकोष्ठ विकास भवन, सेक्टर–19 द्वितीय तल नार्थ ब्लाक, नवा रायपुर अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला दंतेवाड़ा की ओर सादर सूचनार्थ।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी. जिला दंतेवाड़ा। उक्त विज्ञापन को जिले की वेबसाइट dantewada.nic.in पर अपलोड करने हेतु।
4. सहायक संचालक, जनसम्पर्क कार्यालय जिला दंतेवाड़ा को सूचनार्थ। उक्त विज्ञापन को 2 प्रादेशिक एवं 1 स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने हेतु।
5. समस्त तहसीलदार जिला दंतेवाड़ा। सूचना पटल में चस्पा करने हेतु।
6. समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत समस्त जिला दंतेवाड़ा। सूचना पटल में चस्पा करने हेतु।
7. कार्यालयीन सूचना पटल चस्पा करने हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत दंतेवाड़ा

# संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र
## आवेदित पद का नाम ............................................

स्व–प्रमाणित फोटो चस्पा करें

प्रति,

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत दंतेवाड़ा–494449
छत्तीसगढ़

1. आवेदक का पूरा नाम (अ) हिन्दी में :– ..............................................................................
   (ब) अंग्रेजी में :– ..............................................................................
2 लिंग (महिला / पुरुष / तृतीय लिंग) :– ..............................................................................
3. जन्म तिथि (अ) अंकों में :– ..............................................................................
   (ब) शब्दों में :– ..............................................................................
   (स) दिनाँक 01.01.2025 को आयु वर्ष :– ..............................................................................
4. वर्ग (सामान्य / अ.जा. / अ.ज.जा. / अपिव) :– ..............................................................................
5. पत्र व्यवहार का वर्तमान पता (हिन्दी में) :– ..............................................................................
   :– ..............................................................................
   :– ..............................................................................
6. स्थायी पता (हिन्दी में) :– ..............................................................................
   :– ..............................................................................
   :– ..............................................................................
7. मोबाईल नम्बर :– ..............................................................................
8. ई–मेल आईडी :– ..............................................................................
9. आधार नम्बर :– ..............................................................................
10. शैक्षणिक योग्यता का विवरण :–

| क. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड / वि.वि. का नाम | उत्तीर्ण करने का वर्ष | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | |

11. अनुभव का विवरण :–

| क. | संस्था का नाम | पदनाम | अनुभव समयावधि | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दिनाँक से | दिनाँक तक | वर्ष | माह |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

12. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची।

1. ...................................................................... 2. ......................................................................

3. ...................................................................... 4. ......................................................................

5. ...................................................................... 6. ......................................................................

7. ...................................................................... 8. ......................................................................

..........................................................

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

**घोषणा पत्र**

मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारियां पूर्ण एवं सत्य है। चयन होने तथा भविष्य में किसी भी स्तर पर असत्य पाये जाने पर मेरी सेवाएं समाप्त कर मेरे विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने का पूर्ण अधिकार होगा।

दिनाँक :.................................
स्थान :..................................

..................................................

**आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर**

पता–..............................................................